जयपुर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले दो बदमाश गिरफ्तार

विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन गिरोह के दो बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ जयपुर के मानसरोवर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया

कोटपूतली, (निसं)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने राजधानी जयपुर के मानसरोवर थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन गिरोह से जुड़े दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर अवैध हथियार बरामद किये हैं। पुलिस द्वारा पकड़े गये दोनों बदमाश कोटपूतली-बहरोड जिले में सक्रिय है जो जयपुर में किसी अप्रिय वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। उससे पहले ही एजीटीएफ ने इन्हें दबोच लिया।

राजस्थान पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक, एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश राहुल उर्फ अटैक (29) पुत्र कैलाशचंद दर्जी निवासी मौहल्ला बड़ाबास थाना कोटपूतली, विशाल यादव उर्फ विक्की (33) पुत्र फूलचंद निवासी ग्राम लाडीपुरा थाना रायसर जिला जयपुर ग्रामीण हाल दिव्या रेजिडेंसी मांग्यावास थाना मानसरोवर क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने बदमाश राहुल उर्फ अटैक के पास से एक पिस्टल, दो देशी कट्टे, दो कारतूस, एक मैगजीन व औरा कार तथा विशाल यादव उर्फ विक्की के पास से एक पिस्टल मय मैगजीन, एक जिंदा कारतूस व अर्टिगा कार बरामद की हैं। अवैध हथियार के साथ जयपुर में पकड़े गए यह दोनों बदमाश किसी वारदात की फिराक में थे। इस संबंध में थाना पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

पुलिस द्वारा पकड़े गये दोनों बदमाश।

- पुलिस द्वारा पकड़े गये दोनों बदमाश कोटपूतली-बहरोड जिले में सक्रिय है, जो जयपुर में किसी अप्रिय वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे
- एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की कार्रवाई, दोनों बदमाशों पर लूट, डकैती, मारपीट जैसे संगीन मामले दर्ज हैं

डीजी एमएन ने बताया कि राज्य में सक्रिय आपराधिक गिरोह एवं उनके सक्रिय सदस्यों, वांटेड क्रिमिनल्स एवं अवैध गतिविधियों में लिप्त बदमाशों के बारे में आसूचना संकलन के लिए डीआईजी योगेश यादव एवं एजीटीएफ के एएसपी विद्याप्रकाश के सुपरविजन में टीमों को राज्य के अलग-अलग शहरों में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि टीम प्रभारी इंस्पेक्टर रामसिंह नाथावत को इनके बारे में इनपुट मिला था। टीम के सदस्य हैड कानि. हेमंत शर्मा व कानि. भूपेंद्र शर्मा द्वारा इसकी पुष्टि की गई। जिसके बाद मानसरोवर थाना पुलिस को सूचना देकर उनके सहयोग से एजीटीएफ की टीम ने मानसरोवर थाना क्षेत्र के भारत माता सर्कल के पास से बदमाश राहुल उर्फ अटैक को तथा भृगु पथ से बदमाश विशाल यादव उर्फ विक्की को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गये दोनों बदमाश लूट, डकैती, मारपीट, फिरौती, जानलेवा हमला, फायरिंग आदि की घटनाओं में शामिल है। इनके विरुद्ध विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है।

अवैध हथियारों के संबंध में पूछताछ में सामने आया कि इन दोनों बदमाशों को लॉरेंस बिश्नोई व विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन के गुर्गे हरि बॉक्सर ने मध्यप्रदेश के खंडवा में देशनोक के एक व्यक्ति से व्हाट्सएप पर कॉल कर हथियार दिलवाये थे। डीजी ने बताया कि एजीटीएफ के एएसपी विद्या प्रकाश के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर रामसिंह नाथावत की विशेष भूमिका व हैड कानि. हेमंत शर्मा व कानि. भूपेंद्र शर्मा का तकनीकी सहयोग रहा। टीम में शामिल हैड कानि. शंकरदयाल शर्मा, रामनिवास व कमल, कानि. देवेंद्र सिंह एवं चालक दिनेश शर्मा का भी सहयोग रहा। दोनों बदमाशों की गिरफ्तारी एसएचओ मानसरोवर राजेश गोदारा मय टीम द्वारा की गई।

26 लाख रूपये का डोडा-पोस्त जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

ट्रेलर में सीमेंट के कट्टों के नीचे नौ कट्टों में 1 क्विंटल 71 किलो अवैध डोडा-पोस्त छिलका पकड़ा

पुलिस ने डोडा-पोस्त की तस्करी करते हुये दो जनों को डोडा-पोस्त सहित गिरफ्तार किया।

चूरू, (कासं)। भानीपुरा थाना क्षेत्र में एक क्विंटल 71 किलो डोडा-पोस्त की तस्करी करते हुये दो जनों को गिरफ्तार किया है। जब्त डोडा पोस्त की अनुमानित कीमत 26 लाख रूपये बताई है।

एसपी जय यादव के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत भानीपुरा थानाधिकारी रायसिंह के नेतृत्व में मेगा हाईवे पर नाकाबंदी कर रखी थी। नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई करते हुए पाया कि आरोपी गोपाल लाल पुत्र रतनलाल ओड निवासी मोड़ा खेड़ा पुलिस थाना कपासन जिला चितौड़गढ़ व अर्जुन सिंह पुत्र मनोहर सिंह सोलंकी राजपूत निवासी काकरिया पुलिस थाना कपासन जिला चितौड़गढ़ ट्रेलर में सीमेंट के कट्टों के नीचे दबाकर 9 कट्टों में 1 क्विंटल 71 किलो अवैध डोडा पोस्त छिलका ले जा रहे थे। गश्त के दौरान ट्रेलर को रोककर उनसे पूछताछ की गई तो ट्रेलर में अवैध डोडा-पोस्त पाया गया। जिस पर पुलिस ने डोडा-पोस्त छिलके सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त डोडा पोस्त की अनुमानित कीमत करीबन 26 लाख रूपये बताई जा रही है।

दरगाह के बाहर भड़काऊ भाषण मामला : कोर्ट में सुनवाई पूरी हुई

22 गवाह और 32 दस्तावेज पेश किए, मामले में फैसला 12 जुलाई को सुनाया जाएगा

अजमेर, (कासं)। सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह के बाहर भड़काऊ नारे लगाने के मामले में शनिवार को कोर्ट में सुनवाई पूरी हुई। इस पर फैसला 12 जुलाई को सुनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार 17 जून को दोपहर तीन बजे दरगाह के निजाम गेट पर भड़काऊ भाषणबाजी की गई थी। मामले को लेकर दरगाह थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

सूफी संत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह के बाहर लगाए गए सर तन से जुदा के नारों के मामले में शनिवार को अंतिम बहस पूरी हुई। इसमें 22 गवाह और 32 दस्तावेज पेश किए गए। कोर्ट अब 12 जुलाई को अपना फैसला सुनाएगी। मामले में खादिम गौहर चिश्ती सहित पांच आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। वहीं हैदराबाद में गौहर चिश्ती को शरण देने वाला अभी फरार चल रहा है, उसे लेकर आगे सुनवाई होनी है।

- मामले में खादिम गौहर चिश्ती सहित पांच आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई चल रही थी

विशिष्ट लोक अभियोजक गुलाम नजमी फारूकी ने बताया कि कांस्टेबल जयनारायण जाट ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 17 जून 2022 की दोपहर तीन बजे उसकी ड्यूटी निजाम गेट पर थी। इसी दौरान दरगाह थाना इलाके में सर तन से जुदा के नारे लगाए गए थे। उसके बाद 28 जून को उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल हत्याकांड सामने आया था। उसमें आतंकी सोच के साथ दो हत्यारों ने टेलर कन्हैयालाल की चाकू से गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी थी, इस हत्याकांड से पूरे देश में सनसनी फैली थी। हालांकि हत्यारों को पुलिस ने चंद घटों में गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन इससे पहले उन्होंने इस हत्याकांड का लाइव वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया था।

विशिष्ट लोक अभियोजक गुलाम नजमी फारूकी ने बताया कि सर तन से जुटा इस तरह के नारे वहां भी लगाए गए थे। अजमेर के इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए थे। इसके बाद आरोपी खादिम गौहर चिश्ती को हैदराबाद से गिरफ्तार किया था। इसी मामले में खादिम फखर जमाली, ताजिम सिद्दीकी मीन और रियाज हसन को भी गिरफ्तार किया गया था। मामले में सभी आरोपियों खिलाफ लगातार कोर्ट में सुनवाई चल रही थी, जिसकी अंतिम बहस शनिवार को पूरी हुई।

विवाहिता से दो युवकों ने दुष्कर्म किया

हनुमानगढ़, (निसं)। विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में महिला पुलिस थाने में दोनों के खिलाफ गुरुवार रात सामूहिक दुष्कर्म व एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में नामजद मामला दर्ज करवाया गया था।

जांच अधिकारी एससी/एसटी सैल सीओ रणवीर साई ने बताया कि एक विवाहिता ट्रेन के जरिए अपने ससुराल जा रही थी। वह गलती से हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर उतर गई। विवाहिता रात रेलवे स्टेशन के पास बैठी थी कि दो युवक उसे बहलाकर टाउन रोड स्थित हॉस्पिटल के पीछे अंधेरे में ले गए। वहां डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। जांच अधिकारी के अनुसार एक युवक की पहचान दीपक अग्रवाल तथा दूसरे की विकास मेघवाल के रूप में की गई। दोनों आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता के बयान हो चुके हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

करंट की चपेट से लाइनमैन की मौत, परिजनों ने हंगामा किया

दोषी कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने तक बिजली आपूर्ति बंद की

डूंगरपुर, (निसं)। शहर की विद्युत व्यवस्था को लेकर आमजन के साथ-साथ विभाग के कर्मचारी- अधिकारियों की मनमानी के कारण आये दिन परेशान रहते हैं, लेकिन इन लापरवाह अधिकारियों पर न तो जिला प्रशासन और ना ही सत्तारूढ़ दल के नेता कोई ठोस कदम उठाते हैं, और इसका खामियाजा शनिवार को एक कार्मिक को अपनी जान गंवाकर भुगतना पड़ा। इसी के विरोध में ग्रामीणों ने एसी ऑफिस को घेर कर इस पूरे मामले की जांच करने, लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा राशि देने की मांग की। देर शाम तक मामले का कोई निस्तारण नहीं हुआ था और इसी के चलते पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति पिछले पांच घण्टों से बंद थी।

जानकारी के अनुसार शहर के महारावल स्कूल के पास पोल पर फाल्ट दूर करते समय अचानक सप्लाई चालू करने से एक लाइनमैन की मौत हो गई। लाइनमैन की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। बिजली विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाए। वहीं, बिजली निगम ऑफिस पर एसई का घेराव कर दिया। साथ ही दोषी कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने तक 33 केवी से शहर की बिजली आपूर्ति भी बंद कर दी है। सुरपुर गांव निवासी विनायक पुत्र नरेंद्र पाटीदार अपने पिता की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति पर लाइनमैन लगा हुआ था। शनिवार शाम को विनायक अपनी टीम के साथ शहर के महारावल स्कूल के पास पोल पर फाल्ट आने से लाइन ठीक कर रहा था।

मृतक के परिजनों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव किया।

इस दौरान अचानक बिजली की सप्लाई शुरू होने से विनायक को करंट लग गया। वह पोल से नीचे गिर गया। साथी कार्मिक उसे लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन और ग्रामीण जिला अस्पताल पहुंचे, जहां परिजनों ने बिजली विभाग के कार्मिकों की लापरवाही के चलते विनायक की मौत होने के आरोप लगाए। शव को मोर्चरी में रखवाने के बाद परिजन बिजली निगम के ऑफिस पहुंचे, जहां उन्होंने एसई का घेराव करते हुए हंगामा कर दिया। परिजन और ग्रामीण लाइन चालू करवाने वाले दोषी कार्मिकों को बुलाने और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। वहीं परिजनों और ग्रामीणों ने 33 केवी से शहर की सप्लाई को भी बंद कर दी। वहीं, दोषी कार्मिकों को बुलाने और कार्रवाई नहीं होने तक सप्लाई चालू नहीं करने की बात कही है। फिलहाल बिजली विभाग के एसई और पुलिस परिजनों से समझाइश के प्रयास कर रही है।

विद्यार्थियों के लिए नवजीवन में प्रवेश का उत्सव है दीक्षांत : राज्यपाल मिश्र

अजमेर, (कासं)। महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय का एकादश दीक्षांत समारोह शनिवार को राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में शोधार्थियों को विद्या वाचस्पति एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल प्रदान किए गए। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दीक्षांत उद्बोधन दिया। उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा कि दीक्षांत विद्यार्थियों के लिए नव जीवन में प्रवेश का उत्सव है। यह वह अवसर है जब विद्यार्थी अर्जित शिक्षा का उपयोग राष्ट्र और समाज के विकास में करने के लिए तैयार होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की सार्थकता इसमें नहीं है कि उससे हम कोई पद, नौकरी या अन्य किसी तरह की भौतिक सफलता प्राप्त कर लें। शिक्षा की सार्थकता इसमें है कि हम रूढ़ियों से मुक्त होने की ओर अग्रसर हों। उन्होंने महर्षि दयानन्द सरस्वती के जीवन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि देश की नई शिक्षा नीति पूरी तरह से विद्यार्थी केन्द्रित है। यह प्राचीन भारतीय ज्ञान के आलोक में ऐसे पाठ्यक्रमों के निर्माण पर जोर देती है जिससे विद्यार्थी हमारी संस्कृति से जुड़े एवं जीवन मूल्यों में आधुनिक विकास की ओर अग्रसर हो सके। इस नीति में कौशल विकास पर विशेष जोर दिया गया है।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

- महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय का एकादश दीक्षांत समारोह आयोजित
- शोधार्थियों को विद्या वाचस्पति एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल प्रदान किए
- नई शिक्षा नीति बहुआयामी, यह व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी : वासुदेव देवनानी

उन्होंने कहा कि उभरती डिजिटलीकृत दुनिया में नए आविष्कारों और नवाचारों के साथ-साथ पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में असीमित वृद्धि की संभावना है। इस क्षेत्र मे लगभग पांच करोड़ नौकरियां उत्पन्न होने की संभावना जताई जा रही है। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय इस दिशा में ध्यान देते हुए एसे पाठ्यक्रम निर्मित करे जिससे आतिथ्य उद्योग में हम बेहतर मानव संसाधन तैयार कर सकें।

उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं के संदर्भ में विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध का देश का उत्कृष्ट केन्द्र बनें। यहां ऐसे पाठ्यक्रमत तैयार हों जिससे युवाओं के लिए भविष्योन्मुख अधिकाधिक मार्ग प्रशस्त हो सकें। युवा रोजगार पाने की बजाय देने के लिए तैयार हो सकें।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दीक्षांत भाषण में कहा कि 21वीं सदी का इमजिंर्ग इंडिया न केवल आर्थिक और तकनीकी रूप से महाशक्ति बनना चाहता है, बल्कि विश्वगुरु के रूप में उभरने का संकल्प रखता है। इस ध्येय की प्राप्ति के लिए कुछ निश्चित मूल्यों का होना आवश्यक है। ऐसे सभी मानवीय नैतिक मूल्य भगवान राम के चरित्र में दिखाई देते हैं और इसलिए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पुनर्चेतना का प्रतिनिधित्व करती है।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने कहा कि स्वामी विवेकानद के अनुसार 'शिक्षा' मनुष्य को उसके आदर्श और असीम विकास की ओर ले जाने की प्रक्रिया है। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय व्यक्ति एवं व्यक्तित्व निर्माण का एक महत्वपूर्ण केन्द्र है। वे स्वयं भी महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही अजमेर शिक्षा नगरी के रूप में विख्यात रहा है। बाद के समय में अजमेर का यह वैभव कहीं खो गया। अब हम जब मिल कर अजमेर का पुराना शैक्षिक गौरव पुनः लौटाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अपने सभी गुरूजनों को भी प्रणाम किया।

इससे पूर्व सभी अतिथियों ने विश्वविद्यालय में संविधान पार्क का शुभारम किया। कुलपति अनिल कुमार शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधायक वीरेन्द्र कानावत, अजय सिंह, संभागीय आयुक्त महेश चन्द्र शर्मा, आईजी पुलिस लता मनोज कुमार, जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलैक्टर गजेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

बीपीएल कार्ड से बने मकान पर आकाशीय बिजली गिरी

खेतड़ी, (निसं)। देवलावास पंचायत के ढाणा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से बीपीएल परिवार के मकान की दीवार एवं छत क्षतिग्रस्त हो गई। मकान में दरार आने से परिवार परेशानी में आ गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को आई तूफानी बारिश के बीच लोग अपने घरों में दुबके हुए थे, कि इसी बीच तेज कड़क चमक के साथ आकाशीय बिजली ने बिमला देवी के घर को अपना निशाना बना दिया। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है और अचानक प्राकृतिक आपदा आने से परिवार के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। बिजली गिरने से पूरे मकान में दरारें आ गई, हालांकि गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आकाशीय बिजली गिरने से बिमला देवी का पूरा परिवार सहम गया।

बिमला देवी के बेटे मुकेश चौहान ने बताया कि घटना के दौरान बच्चे अंदर सोए हुए थे, तेज धमाके से सभी की नींद खुल गई। कुछ देर के लिए सबको कुछ भी समझ में नहीं आया तथा मकानों की दरारें इस तरह आई की बाहर की रोशनी अंदर दिखाई देने लगी, यह देख बच्चे डर गए। बिमला देवी का बेटा मुकेश मजदूरी करता है तथा पुत्रवधू बिन्दु गृहणी है। पौत्र शुभम व पौत्री वर्षा स्कूल में पढ़ते है।

आकाशीय बिजली गिरने से मकान की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई।

मुकेश चौहान ने बताया कि हमारे परिवार का बीपीएल कार्ड 26 जुलाई 2014 में बना था तथा बीपीएल कार्ड से ही हमारे मकान 2015 में बनाए गए थे जो कि इस घटना से मकान में दरारें आ गई। दरअसल पचेरी कला सहित आस पास के क्षेत्र में अचानक मौसम खराब हो गया था।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, उदयपुर

क्रमांक प.आब/वाहन/निलामी/2023-24/4428 दिनांकः- 10.06.2024

जब्तशुदा वाहनों की निलामी सूचना

ईच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 के तहत् राजसात किये गये 65 वाहनों की कुल आरक्षित राशि रू.53,73,200 की सार्वजनिक निलामी दिनांक 03.07.2024 को प्रातः 11:00 बजे से आबकारी भवन 2-गुमानिया वाला, पंचवटी, उदयपुर-313001 (स्थान) पर रखी गई है। निलामी किये जाने वाले वाहनों का विस्तृत विवरण (यथा वाहन का प्रकार, मॉडल/मेक, आरक्षित राशि, अमानत राशि इत्यादि) SPPP वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in और विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No.EXC2425GLOB00013

जिला आबकारी अधिकारी, उदयपुर